# THE WEST BENGAL COUNCIL OF RABINDRA OPEN SCHOOLING

## UCHCHA MADHYAMIK PARIKSHA, 2025

## Hindi

**Time : 3 Hours 15 Minutes** **Full Marks : 80**

(First 15 Minutes for reading the question paper)

### (General Instructions for the Examinees)

Candidates should write their Name, Roll No. and Registration No. in their respective answer scripts.

First 15 Minutes are allotted for reading the question paper.

Answers should be in brief and to the point.

Write correct question no. against each answer.

Special credit will be given for answers which are brief and to the point.

Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.

In the right side the marks of questions are given.

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए (कोई *बारह*): 1×12=12

(क) 'राम! राम कैसा जमाना आ गया। पता नहीं दुनिया किस ओर जा रही है' — वक्ता कौन है?

(i) नीरू (ii) मनुज

(iii) दिवाकर (iv) कला

(ख) भोलाराम को रिटायर हुए कितने वर्ष हुए थे?

(i) आठ साल (ii) सात साल

(iii) पाँच साल (iv) नौ साल

(ग) 'गाँव के लड़के उनसे दो-दो तीन-तीन पैसे में खरीद लाते थे' — क्या खरीद लाते थे?

(i) चॉकलेट (ii) बुलबुल

(iii) तोता (iv) गुब्बारा

(घ) आदमी की आत्मा कब ऊँघने लगती है?

(i) कार्याधिक्य से (ii) अवकाश बढ़ जाने से

(iii) समय के साथ-साथ न चलने से (iv) अधिक सोने से

(ङ) 'हाथ जल गया? कैसे? मैं देखूँ तो'। — किसका हाथ जल गया था?

(i) जमुना देवी का (ii) राधा का

(iii) बीना का (iv) मधुलिका का

(च) 'अमिताभ' का अर्थ है —

(i) अभिनेता (ii) तेजस्वी

(iii) नदी (iv) नदी का किनारा

(छ) 'समाज में वर्गों की दूरी बढ़ रही है, सामाजिक सरोकारों में कमी आ रही है' — पाठ का नाम लिखिए।

(i) शिवशंभु के चिट्ठे (ii) जीवनी

(iii) उपभोक्तावाद की संस्कृति (iv) मित्रता

(ज) 'उत्सव! हाँ उत्सव ही तो था।' — उक्त कथन का वक्ता कौन है?

(i) अरूण (ii) ईश्वरी

(iii) वीर (iv) साहब

(झ) चित्रगुप्त ने कहा, ''इन्कम होती है तो टैक्स होता, ...... मुखभरा था।'' — प्रस्तुत पंक्ति किस पाठ से है?

(i) पुरस्कार (ii) भोलाराम का जीव

(iii) नशा (iv) मित्रता

(ञ) यह तन विष की बेल्लरी, गुरु अमृत की खान। — किस कवि की रचना है?

(i) तुलसीदास (ii) रसखान

(iii) कबीरदास (iv) खुसरों

(ट) अम्बर के आनन को देखो कितने इसके तारे टूटे — आनन का अर्थ है—

(i) शीशा (ii) आँगन

(iii) चेहरा (iv) आसमान

(ठ) 'कुसंग केवल नीति और सद्‌व्यवहार का नाश नहीं करता' — कुसंग का अर्थ है

(i) बुरी संगत (ii) अच्छी संगत

(iii) सुन्दर संगत (iv) इनमें से कोई नहीं

(ड) पानी टपके कच्चे सकोरे, व्यर्थ प्रयास हो रहे मेरे — यहाँ किस प्रयास की बात कही जा रही है?

(i) धन प्राप्ति की (ii) सम्मान की

(iii) ईश्वर प्राप्ति की (iv) इनमें से कोई नहीं

(ढ) यह अपनी बरसाती तो बाहर उतार दो। अभी तक इससे पानी टपक रहा है — वक्ता कौन है?

(i) राधा (ii) श्याम

(iii) गोपाल (iv) बीना

(ण) आज आपने अखबार में लड़के वाला वह समाचार पढ़ लिया है शायद। — वक्ता कौन है?

(i) मनुज (ii) दिवाकर

(iii) अरूण (iv) वीर

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अधिकत्तम 20 – 25 शब्दों में) (*कोई छः*) : 2×6=12

(क) राष्ट्रगान की आवाज सुनकर कवयित्री को क्या ख्याल आया?

(ख) ये ही मेरे खेल के साथी भी थे। — 'ये' से किसकी ओर संकेत किया गया है? साथी कौन-कौन थे?

(ग) 'स्यामरूप सुचि रुचिर कसौटी चित कंचनहिं कसैहो।' — चित कंचनहिं कसैहो का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(घ) बहुत से लोग ऐसे होते हैं जिनके घड़ी भर के साथ से बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है। — बहुत से लोग कहकर किन लोगों की ओर संकेत किया गया है?

(ङ) 'हीना चारों से पौरूष शत-खंड न होवे' — पाठ और लेखक का नाम लिखिए। 'पौरूष' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(च) 'युवावस्था एक चुनौती है।' — पाठ का नाम लिखिए। युवावस्था एक चुनौती है कैसे? स्पष्ट करें।

(छ) उस समय बच्चों को अंग्रेजी विद्यालयों में भेजना हैसियत की निशानी माना जाता था। — उक्त कथन के वक्ता कौन है? और किस समय की ओर संकेत किया गया है?

(ज) उपभोक्तावादी संस्कृति का भारत पर क्या प्रभाव पड़ा है?

(झ) 'फाइल चलती रही। इसी में आधा दिन बीत गया।' — किस कार्य में आधा दिन बीत गया और क्यों?

(ञ) 'नहीं महाराज, मुझे मूल्य नहीं चाहिए।' — 'महाराज' कहकर किसकी ओर संकेत किया गया है? वक्ता का नाम लिखिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *नौ* प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अधिकत्तम 40 – 50 शब्दों में): 4×9=36

(क) प्रेम न खेती उपजै, प्रेम न हाटि बिकाइ
राजा परजा जिस रूपै, सिर दे सो ले जाइ।''

(i) उक्त पंक्ति किस कवि की है और किस भाषा में रचित है?

(ii) उक्त अंश की व्याख्या कीजिए। 2+2

(ख) मित्र सच्चे पथ-प्रदर्शक के समान होने चाहिए, जिसे हम अपना प्रीतिपात्र बना सकें।

(i) उक्त पाठ के लेखक कौन है?

(ii) सच्चे मित्र की विशेषताएं बताइए। 1+3

(ग) राजा राममोहन राय की जीवनी को संक्षेप में लिखिए।

(घ) आज के अखबार को पढ़कर पापा डर गए है।

(i) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ii) अखबार में ऐसा क्या लिखा था, जिसे पढ़कर पापा डर गए थे? 2+2

(ङ) 'अभी-अभी आपके आने से पहले मैं इनसे समुद्र लंघन की कथा सुन रही थी।'

(i) वक्ता और श्रोता का नाम लिखिए।

(ii) समुद्र लंघन की कथा क्या है, स्पष्ट कीजिए। 2+2

(च) 'जो बीत गई सो बात गई' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(छ) ''साधु कहावनो कठिन है, लंबा पेड़ खजूर
चढ़े तो चाखे प्रेमरस, गिरे तो चकनाचूर।''

(i) 'साधु कहावनो कठिन है' क्यों कहा गया है?

(ii) इस अंश का भाव स्पष्ट कीजिए। 2+2

(ज) 'मैंने उसे पकड़कर पीछे ढकेल दिया और दो तमाचे जोर-जोर से लगाये।'

(i) 'मैंने' कहकर किसे सम्बोधित किया गया है?

(ii) किसे पीछे ढकेला गया और क्यों? स्पष्ट कीजिए। 2+2

(झ) 'आप मुझे ही अपना पुत्र मान लीजिए और मेरी मां बन जाइए।'

(i) वक्ता कौन है?

(ii) पंक्ति की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। 1+3

(ञ) 'उच्च आकांक्षा वाला चन्द्रगुप्त युक्ति और उपाय के लिए चाणक्य का मुंह ताकता था।'

(i) चन्द्रगुप्त कौन था?

(ii) पंक्ति में निहित अर्थ को स्पष्ट कीजिए। 1+3

(ट) 'भोलाराम का जीव' कहानी में निहित मूल भाव को संक्षेप में लिखिए।

(ठ) वह सुख तो भोगेगा, मगर अवकाश से त्रस्त रहेगा।

(i) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ii) कौन अवकाश से त्रस्त रहेगा और क्यों? स्पष्ट कीजिए। 1+3

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×4=20

(क) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

Female Education is essential for more than one reason. As mothers, women play an important part in moulding the character of children. Education mothers can train up their children on right lines. The role of women in making a happy home is great. A cultured housewife is an asset to the family.

(ख) 'पर्यावरण प्रदूषण से पीढ़ित वर्तमान पीढ़ी' — इस विषय पर एक प्रतिवेदन लिखिए।

(ग) 'स्वस्थ जीवन के लिए योग अनिवार्य है।' इस विषय से संबंधित एक पत्र अपने छोटे भाई को लिखिए।

(घ) भाव पल्लवन कीजिए :

'मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर करना'।

(ङ) किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए (अधिकत्तम 150 – 200 शब्दों में) :

(i) राष्ट्र निर्माण में नारी का योगदान

(ii) पुस्तकालय का महत्व

(iii) समाचार-पत्र एवं लोकतंत्र

(च) निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''वह तोड़ती पत्थर
देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर
वह तोड़ती पत्थर
कोई न छायादार
पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,
श्याम तन, भर बँधा यौवन
नत नयन प्रिय, कर्मरत मन
गुरू हथौड़ा हाथ
करती बार-बार प्रहार।''

(i) इन पंक्तियों में 'मैंने' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(ii) वह युवती क्या कर रही थी?

(iii) 'पेड़' तथा 'नयन' शब्द के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(छ) करण कारक और अपादान कारक का अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ज) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) समास विग्रह कीजिए — मनोहर

(ii) उपसर्ग पृथक कीजिए — बेहद

(iii) संधि विच्छेद कीजिए — अत्याचार

(iv) प्रत्यय पृथक कीजिए — पियक्कड़

(v) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए — तीर मारना